24/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने तैइस और चौबीस मार्च 2026 को लोअर सियांग जिले के लिकाबाली सैन्य स्टेशन में आयोजित दो दिवसीय 'चाइना सेमिनार' में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत को साइबर सुरक्षा, सैटेलाइट निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफ़ेयर और एआई आधारित खुफिया प्रणालियों में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के तहत एकीकृत थिएटर कमांड के माध्यम से संयुक्त कमान को सशक्त बनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने ज़ोर दिया कि तेज निर्णय प्रक्रिया, एकीकृत कमान ढांचा और हिमालयी सीमाओं पर बेहतर लॉजिस्टिक्स किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने नामसाई जिला सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बीस ई-कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ई-कार्ट नामसाई जिले के बीस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले PLF एवं स्वयं सहायता समूहों को **'इनोवेटिव एंड इनकम एन्हांसमेंट प्रोजेक्ट (ग्राम बंधु)'** के तहत वितरित किए गए हैं। यह परियोजना पुनर्गठित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत संचालित है।

उपमुख्यमंत्री ने प्रशासन, DPDO और सदस्य सचिवों को परियोजना के क्रियान्वयन की कड़ी निगरानी करने और इसे अन्य क्षेत्रों में लागू करने के लिए एक सफल मॉडल के रूप में दस्तावेज़ित करने के निर्देश दिए।

0000000000000000000000000

प्रस्तावित सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना के लिए अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो स्थित सिंगिक हॉल में आज पर्यावरण जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई पर्यावरण मंजूरी के लिए वैधानिक प्रक्रिया के तहत अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित की गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा स्थानीय विधायक न्यातो दुकाम ने आश्वासन दिया कि समिति की रिपोर्ट राज्य सरकार के समक्ष जनता के हित में प्रस्तुत की जाएगी। वहीं, परियोजना के समूह महाप्रबंधक दीपक रतन सागर ने प्रभावित स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000000000

भारत की अंडर-23 राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सोमवार को ईटानगर पहुंची, जहां अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल संघ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अंडर-23 ट्राई-नेशन फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 का आयोजन कल से आगामी इक्तीस मार्च तक यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भारत, भूटान और ताजिकिस्तान की टीमें भाग लेंगी। इस बीच भारतीय फुटबॉल के दिग्गज और पद्मश्री सुनील छेत्री के उद्घाटन समारोह में शामिल होने की संभावना है।

000000000000000000000000

जल संरक्षण और सतत संसाधन प्रबंधन के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से विश्व जल दिवस 2026 के अवसर पर लिकाबाली के गोगी जल स्रोत क्षेत्र में 400 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन PHE & WS डिवीजन, लिकाबाली द्वारा जिला प्रशासन और वन विभाग के सहयोग से आयोजित किया।

000000000000000000000000

छात्रों में गणितीय प्रतिभा को प्रोत्साहित कर स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से, युवा मामलों के विभाग द्वारा ईटानगर स्थित देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज के सहयोग से पहली बार **मैथ्स ओलिंपियाड** का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय के **थुप्तेन एटोन** ने उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक और समस्या-समाधान क्षमता का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निरजुली के नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के **गामा दोदुम ग्यामार** प्रथम उपविजेता रहे, जबकि ईटानगर स्थित एलीजर इंग्लिश स्कूल के **मार्तो न्योडु** द्वितीय उपविजेता घोषित किए गए।

000000000000000000000000

लोअर सियांग जिले के लिकाबाली में सत्तवनवें मालिनी मेला का शुभारंभ सोमवार को भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष कार्दो न्यिग्योर द्वारा

दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और विकास के महत्व पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र से पूर्व सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पवित्र मालिनी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पांच दिवसीय उत्सव की सफल एवं विश्व शांति की कामना की।

0000000000000000000000000

बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से लोअर सियांग जिला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा लिकाबाली के कार्दू ताइपोदिया जनरल अस्पताल में 'सांस' कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत जागरूकता, शीघ्र पहचान और समय पर उपचार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

0000000000000000000000000

अपर सियांग जिले के लिकोर गांव के सात और परिवारों ने प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना के प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट कार्यों के समर्थन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले गत उन्नीस मार्च 2026 को गांव के अट्ठाइस परिवारों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

0000000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं।

अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी अन्य धर्म, जैसे ईसाई धर्म में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और मनमोहन की पीठ ने यह भी कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति ST/SC अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकता।

0000000000000000000000000